ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक– 01.07.2021

''वातावरण स्वच्छ बनायेगें,संचारी रोग भगायेंगें''

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु 01 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियत्रंण अभियान को आज दिनांक 01.07.2021 को जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय एवं नगर आयुक्त महोदय द्वारा कलेक्ट्रेट से हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना।

- शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय एवं नगर निगम के अधिकारियों द्वारा नगर में बने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की देखभाल के लिये आज दिनांक 01.07.2021 को लिया गया गोद।

- कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 01.07.2021 को नगर में बने कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

1. शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु 01 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियत्रंण अभियान को आज दिनांक 01.07.2021 को जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय इन्द्र विक्रम सिंह जी एवं नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा कलेक्ट्रेट से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में संचारी रोग नियत्रंण अभियान के अन्तर्गत संचारी रोगों से बचाव हेतु आमजन को जागरुक करने के उद्देश्य से नगर में एक रैली निकाली गई, जिसमें नगर के सम्भ्रान्त नागरिकों द्वारा रैली में प्रतिभाग किया गया। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण तथा सम्भ्रान्त नागरिकगण उपस्थित रहें। नगर आयुक्त महोदय द्वारा बताया गया कि नगर में आमजन को विभिन्न प्रकर की बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से संचारी रोग नियत्रंण अभियान प्रतिवर्ष चलाया जाता है, जिससे नगर में सफाई व्यवस्था और अधिक बेहतर व नगर को एक अच्छा वातावरण मिल सकें। साथ ही नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा बताया गया कि संचारी रोग नियत्रंण अभियान के अन्तर्गत नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आज दिनांक 01.07.2021 से 31.07.2021 तक नगर निगम, शाहजहाँपुर द्वारा प्रतिदिन विशेष सफाई अभियान, सेनेटाइजेशन का कार्य, एण्टीलार्वा का छिड़काव, फागिंग का कार्य किया जाना है। जिसको ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा इस अभियान के अन्तर्गत नगर में सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ किये जाने हेतु नगर निगम से सहायक नगर आयुक्त एवं अवर अभियंताओ व समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/सहायक नोडल अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने, सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि इस अभियान के अन्तर्गत होने वाले किसी भी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न की जायें। दिये गये निर्देशों के अनुपालन में समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों में माइक्रो प्लान बनाकर विशेष सफाई अभियान, सेनेटाइजेशन का कार्य, एण्टीलार्वा का छिड़काव एवं फागिंग का कार्य कराया गया। माइक्रो प्लान के अन्तर्गत आज दिनांक 01.07.2021 को नगर क्षेत्र के सफाई जोन–01 में वार्ड दिलाजाक, आर्यनगर, रामनगर कॉलोनी, सफाई जोन–02 में बहादुरपुरा, सफाई जोन–03 में बिजलीपुरा, सफाई जोन–04 में अजीजगंज एवं सफाई जोन–05 में दलेलगंज में विशेष सफाई अभियान के साथ–साथ सेनेटाइजेशन व एण्टरलार्वा का छिड़काव व फागिंग का कार्य किया गया।

इसके अतिरिक्त इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्म्त एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने एवं मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। साथ ही सामुदायिक शौचालय, पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई व्यवस्था एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु, खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया। इस अभियान के अन्तर्गत रोस्टर के अनुसार कल दिनांक 02.07.2021 को लोधीपुर, मक्कू बजरिया, खलीलशर्की, रंगमहला, सरायकाईयां में सफाई का कार्य, सेनेटाइजेशन एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव का कार्य कराया जायेगा।

2. शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय एवं नगर निगम के अधिकारियों द्वारा नगर में बने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की देखभाल के लिये आज दिनांक 01.07.2021 को गोद लिया गया। शासन की गाइडलाइन के अनुसार नगर निगम, क्षेत्र में बने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कोविड–19 महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु आमजन के कोविड–19 का टीकाकरण लगाये जाने हेतु कार्य किया जा रहा है। जिनकी देखभाल के लिये शासन के निर्देश पर आज दिनांक 01.07.2021 को जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय इन्द्र विक्रम सिंह जी द्वारा नगर में बने सरकारी जिला अस्पताल, नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा लोधीपुर स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह द्वारा नगर में स्थित एमनजई जलालनगर में बने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती द्वारा नगर क्षेत्र में स्थित बाडुजई प्रथम में बने नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता द्वारा नगर क्षेत्र के तारीन जलालनगर (पुलिस लाइन) में बने नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र एवं मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान द्वारा नगर क्षेत्र के सराय काईयां में बने नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र को गोद लिया गया। इसी क्रम में सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती द्वारा आज दिनांक 01.07.2021 को नगर क्षेत्र के बाडुजई प्रथम, कटिया टोला, लोधीपुर एवं एमनजई जलालनगर में बने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सहायक नगर आयुक्त द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु लगाये जा रहें टीकाकरण से संबन्धित किये जा रहें कार्यो की जानकारी प्राप्त की गई व सहायक नगर आयुक्त द्वारा संबन्धित को निर्देशित किया गया कि कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु लगाये जा रहें टीकाकरण से संबन्धित किसी भी कार्य में लापरवाही न की जायें। निरीक्षण के समय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार उपस्थित रहें।

3. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया किया है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 01.07.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, आफीसर्स कालोनी, दिलाजाक, आर्यनगर, रामनगर कॉलोनी में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा ईदगाह रोड से हद्दफ चौकी तक, बच्चा जेल, जेल परिसर, जेल कॉलोनी व आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अर्न्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा बिजलीपुरा एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा जिला अस्पताल, अजीजगंज रैन बसेरा, गॉधी पार्क, मोक्षधाम, अब्दुल्लागंज एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा दलेलगंज, बांसों की ठेकी के पास से बड़ी बिसरात तक, दीवान जोगराज, प्रताप इन्कलेव, बचपन कॉलोनी में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 5580 स्थलों एवं 650 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।